सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-302
18/07/2017

मुख्यमंत्री ने हाजीपुर में हुई सड़क दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

सभी मृतकों के परिजनों को दिया जायेगा 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान

पटना, 18 जुलाई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हाजीपुर के एन0एच0–77 पर सड़क दुर्घटना में हुयी दस लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया और इस हादसे में मृत सभी लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गये सभी मृतकों के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों का निःशुल्क समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है। वरीय अधिकारियों को घटना स्थल पर जाने का निर्देश दिया गया है।

******